Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding Recent deaths caused due to Consumption of Spurious Liquor in Bihar.

श्री गोपाल जी ठाकुर (दरभंगा): धन्यवाद अध्यक्ष महोदय । मैं अपने बिहार राज्य की उस जहरीली शराब कांड की दर्दनाक और खौफनाक घटना की ओर केंद्र सरकार का ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूं, जिसने सैंकड़ों गरीब परिवार को अनाथ कर दिया। वहां के मुख्य मंत्री और उसका पूरा प्रशासन मौत के आंकड़ों को छिपाने में व्यस्त है।

अध्यक्ष महोदय, ऐसी सरकार को अवलिम्ब बर्खास्त किया जाना चाहिए। … (व्यवधान) बिहार के मुख्य मंत्री जी ने जिस प्रकार से जहरीली शराब कांड में संवेदनहीनता की परकाष्ठा पार करते हुए कहा कि 'जो पिएगा, वह मरेगा', वह बहुत ही शर्मनाक बयान है। … (व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय, मैं आपसे यह मांग करता हूं कि भारत सरकार एक उच्च स्तरीय टीम भेजकर इसकी जांच कराए और सभी मृतक परिवारों को मुआवजा दिया जाए।…(व्यवधान)